बिहार सरकार

**जल संसाधन विभाग**

पत्रांक– **1/पी०एम०सी०/योजना/21/2024**....906.... पटना, दिनांक– 13/11/2024

प्रेषक,

संतोष कुमार मल्ल
प्रधान सचिव

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
सभी मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन,
मुख्य अभियंता, यांत्रिक एवं
समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

**विषयः–** **साप्ताहिक/मासिक वित्तीय प्रगति की समीक्षा के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **विभागीय पत्रांक–842 दिनांक 23.10.2024**

महाशय,

आप अवगत है कि दिनांक 18.10.2024 को वित्तीय प्रगति की समीक्षा के क्रम में सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता को प्रत्येक सप्ताह में व्यय की समीक्षा कर कार्यवाही प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश है। इस संबंध में आपको पाँच अदद् विहित प्रपत्र पूर्व में ही उपलब्ध कराया जा चुका है। इस वित्तीय वर्ष में सात माह से अधिक की अवधि के बाद भी वित्तीय प्रगति संतोषप्रद नहीं है, जो खेदजनक है।

इस संबंध में पुनः निदेश है कि सभी मुख्य अभियंता अपने परिक्षेत्राधीन योजनाओं की समीक्षा कर उद्व्यय/आवंटन के विरूद्ध वित्तीय प्रगति सुनिश्चित करायेगे। साथ ही कार्यपालक अभियंता से निर्धारित प्रपत्र में वित्तीय प्रगति प्राप्त करते हुए समेकित साप्ताहिक वित्तीय प्रतिवेदन प्रत्येक शुक्रवार एवं मासिक वित्तीय प्रतिवेदन मासिक समीक्षा के निर्धारित तिथि के पाँच दिन पूर्व विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

उद्व्यय/आवंटन के विरूद्ध वित्तीय प्रगति संतोषप्रद नहीं रहने पर संबंधित पदाधिकारी के विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी।

अनु०–यथोक्त्।

13/11/24

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक–**1/पी०एम०सी०/योजना/21/2024** 906 पटना, दिनांक–13/11/2024

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़/कैड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश है कि क्षेत्रीय पदाधिकारियों के द्वारा किये गये साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक/अभियंता प्रमुख स्तर से आयोजित पाक्षिक समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही को समेकित कर समीक्षोपरान्त अवलोकन करायेंगे। साथ ही यथा निदेशित वांछित प्रतिवेदन प्राप्त कर समेकित करते हुए उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनु०–यथोक्त्।

13/11/24

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–1/पी०एम०सी०/योजना/21/2024 - 906 पटना, दिनांक–13/11/2024

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को सभी संबंधितों को ई–मेल करने एवं बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अनुलग्नक - यथोक्त

13/XI/2024

(मनोज कुमार)
अधीक्षण अभियंता
योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1

Div-1_PMC-1_137